# पूर्व चीफ इंजीनियर के घर पर छापा

**3 किलो सोना और 5 .5 किलो चांदी बरामद** | **8.79 लाख नकद जब्त** | **50 लाख के सोने-चांदी के आभूषण जब्त**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अक्टूबर. पीडब्लूडी विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर जीपी मेहरा के घर में लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को छापामार कार्रवाई की है.**

भोपाल में मेहरा के करीब चार ठिकानों पर एक साथ लोकायुक्त ने कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार मणिपुरम, गोविंदपुरा, बावड़िया कला और सोहागपुर में बने उनके बंगलों पर कार्रवाई की गई. सूत्रों के हवाले से यह भी जानकारी सामने आई है कि कार्रवाई के दौरान जीपी




मेहरा के दो बंगलों में बड़ी संख्या में नगदी के साथ ही साथ कई किलो सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं. नगदी की रकम की गिनती के लिए लोकायुक्त को कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ा.

मेहरा के मणिपुरम आवास पर बंगले, जमीन और अन्य प्रापर्टी के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं. मेहरा के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की जानकारी लोकायुक्त के पास आने के बाद इस कार्रवाई को पूरा किया गया. भोपाल के अलावा मुंबई सहित अन्य शहरों में बनाई गई उनके या उनके परिवारजनों के नाम की प्रापर्टी के दस्तावेज भी लोकायुक्त को मिले है. इन संपत्तियों का मूल्य और इन्हें खरीदने का तरीका जांच के दायरे में है. दस्तावेजों से पता चलता है कि मेहरा ने अपने कार्यकाल के दौरान ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने और निर्माण कार्यों में मानकों का उल्लंघन करने के एवज में यह अकूत संपत्ति जमा की होगी.

### घर से 17 टन शहद भी मिला

नर्मदापुरम के तहसील सोहागपुर के ग्राम सैनी में छापा के दौरान 17 टन शहद, कृषि भूमि, काफी महंगे कृषि उपकरण, 06 ट्रैक्टर, 32 निर्माणाधीन काटेज, 07 निर्मित काटेज, 01 भवन, 02 मछली पालन केन्द्र, 02 गौशाला, 02 बड़े तालाब, मंदिर की जानकारी प्राप्त हुई एवं प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं।

# ब्लैकमेलिंग के आरोप में एएसआई बर्खास्त

**3 साल बाद कार्रवाई, जांच में साबित हुआ रंजना खांडे का दोष**

**इंदौर. बहुचर्चित टीआई हाकम सिंह पंवार आत्महत्या मामले में तीन साल बाद बड़ी कार्रवाई हुई है. मध्य प्रदेश शासन ने आरोपी महिला असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ( एएसआई ) रंजना खांडे को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है.**

विभागीय उच्च-स्तरीय जांच में यह प्रमाणित हुआ कि रंजना ने टीआई हाकम सिंह को ब्लैकमेल किया था, जिससे पुलिस विभाग की छवि को नुकसान पहुंचा. बर्खास्तगी से पहले रंजना धार जिले में पदस्थ थी.



रंजना खांडे (एएसआई)

### क्या था पूरा मामला

यह मामला जून 2022 का है. भोपाल के श्यामला हिल्स थाने के टीआई हाकम सिंह पंवार इंदौर के रीगल चौराहे स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर पहुंचे थे. वहां वे महिला एसआई रंजना खांडे के साथ कॉफी पी रहे थे. इसी दौरान दोनों में विवाद हुआ और टीआई ने अचानक गोली चला दी. गोलियों की आवाज सुनकर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो दोनों लहूलुहान हालत में कार के पास पड़े थे. टीआई की मौके पर मौत हो गई, जबकि रंजना को कान के पास गोली छूकर निकलने से मामूली चोटें आईं.

घटना के बाद रंजना पर ब्लैकमेलिंग के आरोप लगे. जांच में उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की गई थी. पहले एसआईटी जांच में रंजना की एक वेतनवृद्धि रोकने की सजा दी गई थी, लेकिन तत्कालीन पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने रिपोर्ट पर असंतोष जताया था. बाद में अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आरके सिंह द्वारा कराई गई उच्चस्तरीय जांच में यह साबित हुआ कि रंजना ने टीआई को लगातार मानसिक रूप से परेशान और ब्लैकमेल किया.

## एक नजर में

### दो आरोपियों के कब्जे से 43 पाव देशी प्लेन शराब जप्त

**सिंगरौली।** लंघाडोल पुलिस ने आज दिन गुरूवार को दो अलग-अलग गांवों में दबिश देते हुये दो आरोपियों के कब्जे से 43 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लंघाडोल थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र धुर्वे के अनुसार पोड़ीपाठ गांव निवासी अरविन्द कुमार शाह पिता लालजी शाह उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 25 पाव एवं ग्राम डोंगरी निवासी विनोद कुमार शाह पिता ललन प्रसाद शाह उम्र 32 के कब्जे से 18 पाव देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई है। दोनों आरोपी अपने घर व झोपड़ी के पीछे शराब रखे हुये थे।

### लापता दो बालिकाओं की तलाश में जुटी पुलिस

**सिंगरौली।** नवानगर थाना क्षेत्र के ग्राम इटमा निवासी मानसी साकेत उम्र 16 वर्ष 16 जुलाई की रात से गायब है। परिजनों ने काफी तलाश किया, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नही चला है। वहीं पुलिस के अनुसार मानसी का होलिया रंग गोरा, इकहरा बदन, कद करीब 4 फीट है और काला सूट एवं काला रंग का पजामा पहनी है। जिसकी तलाश लगातार जारी है। वहीं इसी थाना क्षेत्र के ग्राम निगाही निवासी गोविन्द कुशवाहा की 14 वर्षीय पुत्री अनीता कुशवाहा 21 सितम्बर की रात करीब 12 बजे के पूर्व से लापता है। लड़की की हुलिया रंग गेहुआ, कद 5 फीट, बदन में कत्थे रंग का सलवार सूट तथा गले में सोने का लॉकेट पहनी है और कक्षा 8वीं तक पढ़ी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने परिजनों के रिपोर्ट पर गुमशुदगी एवं बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लगातार तलाश जारी है।

### सुबह के समय आसमान में छाया बादल

**सिंगरौली।** मौसम 24 घंटे के दौरान कई रूप दिखा रहा है। आज दिन गुरूवार की अल सुबह से लेकर 10 बजे तक आसमान में बादल छाये रहे, वहीं बूंदाबांदी होती रही। हालांकि इसके बाद आसमान से बादल हट गये और सूर्य देवता के दर्शन हुये।



# पराई के दंपत्ति ने दी आत्महत्या करने की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 9 अक्टूबर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पराई निवासी एक साहू दंपत्ति ने आज दिन गुरूवार की शाम एसपी दफ्तर पहुंच चितरंगी पुलिस कर्मियों के खिलाफ संगीन आरोप लगाते हुये न्याय की गुहार लगाई है।**

ग्राम पराई निवासी पीड़ित रमेश साहू पिता विशाले साहू ने एसपी के यहां आवेदन पत्र देते हुये अपनी सगी भाभी रामरती पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि मेरे बेटे को 10 दिसम्बर 2019 को मार दी थी। हालांकि उस दौरान शिकायत भी की गई थी, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नही की। पीड़ित का इस आरोप में कितना दम है, इस पर कुछ कहा नजी जा सकता। पीड़ित ने आगे बताया कि मेरी पत्नी गर्भवती थी और दूसरा बच्चा होने वाला था। उसके पूर्व ही भाभी ने लात मार दिया था, चोट लगने के कारण गर्भपात हो गया था। बीते दिन कल 8 अक्टूबर को करौला सब्जी का पेड़ भाभी ने उखाड़ दिया था और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। 181 पर शिकायत किया, वहां से थाने में रिपोर्ट करने के लिए बोला गया। जबकि उसके पूर्व ही रमेश की भाभी चितरंगी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पीड़ित के अनुसार पुलिस आई और मारपीट करने लगी। फिर जंगल ले जाकर हाथ में चाकू पकड़वा कर वीडियों बनाने लगे। विरोध करने पर प्रतिबंधित कॉरेक्स सिरफ में फसाने की धमकी देने लगे। साथ ही थाना लेजाकर 20 हजार रूपये की मांग की। वहीं पीड़ित ने चेतावनी दी है कि जिस तरह से पुलिस परेशान कर रही है और इस प्रताड़ना से हम सब परिवार आत्महत्या कर लेंगे। रमेश की इस धमकी से पुलिस की भी सांसे फुलने लगी हैं।

# मासूमों की मौत पर ब्लॉक स्तर में कांग्रेस का कैंडल मार्च

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 अक्टूबर, छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 16 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को शोक और आक्रोश से भर दिया है।**

इस अमानवीय घटना के विरोध में तथा मासूम आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिले के समस्त ब्लॉकों में कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया उसी तारतम्य में जिला मुख्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की उपस्थिति में गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा



का आयोजन हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मासूम बच्चों की जान लेने वाला यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की गंभीर विफलता है। जब बच्चों की जान बचाने वाली दवा ही मौत का कारण बन जाए, तो यह जनता के भरोसे पर सबसे बड़ा धोखा है।कांग्रेस दोषियों को सजा दिलाने तक चुप नहीं बैठेगी। यह घटना सरकार की घोर लापरवाही और असंवेदनशीलता का प्रतीक है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थितजनों ने मौन रखकर मासूम आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और न्याय की मांग को लेकर दीप जलाए।कार्यक्रम में कांग्रेसजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मातृ शक्ति, युवा एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।

# सट्टा पर्ची काटते पांच आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अक्टूबर, अमहिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा पर्ची काटने वाले आरोपियो को धरदबोचा. जिनके पास से अवैध सट्टा पर्ची बरामद की गई. पांच आरोपी पकड़े गये है.**

अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्टाफ के साथ रेड़ कार्यवाही की जाकर बड़ी दरगाह के बगल में आशू अंसारी के घर में एक कमरे के अंदर बैठे आरोपियों आशू अंसारी पिता ख्वाजुद्दीन अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी करहिया नंबर 1 शांति विहार कालोनी के बगल में थाना चोरहटा हाल बड़ी दरगाह के बगल में अमहिया, विकास गुप्ता पिता सुरेश प्रसाद गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी जिउला ग्राम पंचायत के पीछे थाना समान, राहुल नामदेव पिता संतोष नामदेव उम्र 26 वर्ष निवासी जैतवारा स्टेशन रोड़ थाना जैतवारा जिला सतना हाल खुटेही, सलामुद्दीन मंसूरी पिता सुल्तान मंसूरी उम्र 51 वर्ष निवासी अमहिया, रामगरीब सोंधिया पिता रामलाल सोंधिया उम्र 35 वर्ष निवासी पंचूलाल प्रजापति के घर के पास किराये का कमरा पी.टी.एस. चौराहा द्वारिका नगर को पकड़ा जाकर आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां एवं कुल नगदी 4770 रुपये, पेन व डायरियाँ को जप्त किया जाकर धारा 4ए पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.

### रोजगार मेला 16 को

**रीवा, 9 अक्टूबर,** शासकीय टीआरएस कॉलेज रीवा में 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 40 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है.

# राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 9 अक्टूबर। एनटीपीसी सिंगरौली में कर्मचारियों के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना कर्मयोगी भारत नामक एक दिवसीय राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा लार्ज स्केल इंटरवेंशन ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रारंभ किया गया।**

यह कार्यक्रम भारत सरकार की मिशन कर्मयोगी पहल के अंतर्गत विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों को राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा लार्ज स्केल इंटरवेंशन एलएसई ट्रेनिंग प्रोग्राम फेज के तहत प्रतिभाग करना आवश्यक किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सिद्धार्थ मंडल विभागाध्यक्ष ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक सेवा में सेवा भाव को विकसित करना, उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना, आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और नागरिक सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार लाना है। एनटीपीसी सिंगरौली में हम नि:स्वार्थ सेवा और समुदाय-निर्भर विकास के सिद्धांत में विश्वास रखते हैं। कर्मयोगी भारत पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारी प्रेरणा है।

### दावा आपंत्तियों की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर तक

**सिंगरौली,** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं एवं पंचायती की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनिरीक्षण में 1 जनवरी 2025 की स्थिति में तैयार किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव पाण्डेय के अध्यक्षाता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसके संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा विस्तार पूर्वक उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया तथा कहा कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नपा एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनिरीक्षण वर्ष 2025 जारी कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जा चुका है। आयोग के निर्देशानुसार 8 से 17 अक्टूबर अपरान्ह 3 बजे तक दावा आपत्तिया लिया जायेगा।

### पेज एक का शेष

## किसी भी दोषी को सरकार नहीं छोड़ेगी

मप्र सरकार द्वारा रेंडम सैंपल लेकर आवश्यक जांच करवाई गई और छिंदवाड़ा के चिकित्सक सहित और अन्य दोषियों का निलंबन भी किया गया है और ड्रग कंट्रोलर को हटाया गया है. इसके साथ ही, जो डॉक्टर उस कंपनी की प्रतिबंधित दवा रोगियों के लिए लगातार लिख रहे है, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तमिलनाडु सरकार को नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई करना चाहिए. अब तक की जांच में मूल रूप से मैन्युफैक्चरिंग के स्तर पर त्रुटि की बात सामने आई है. त्रुटिपूर्ण यह दवा बच्चों को दी गई जिसके फलस्वरुप जीवन की क्षति हुई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैसे ही तमिलनाडु सरकार की रिपोर्ट आई वैसे ही मप्र सरकार ने इस कफ सिरप पर प्रतिबंध लगाया. दवा कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी दोषी को नहीं छोड़ा जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र के बच्चे और परिवार तो पीड़ित पक्ष हैं, हमारे प्रदेश के बच्चों की मृत्यु हुई है. इस संवेदनशील प्रकरण में मप्र सरकार किसी भी दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी.

# दुद्धिचुआ क्षेत्र में ओबी डंप पर ड्रोन से की गई सीडबॉल ड्रॉपिंग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 अक्टूबर। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण विस्तार की दिशा में एक अभिनव कदम उठाते हुए एनसीएल के दुद्धिचुआ क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से परियोजना के ओबी डंप पर सीडबॉल ड्रॉपिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय पौधों की प्रजातियों से निर्मित सीडबॉल्स को ड्रोन की सहायता से ओबी डंप पर वितरित किया गया। यह पहल हरित आवरण को बढ़ाने के साथ पर्यावरण पुनर्स्थापन को भी प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर एनसीएल




दुद्धिचुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक वीके सिंह, परियोजना अधिकारी पीके त्रिपाठी, स्टाफ अधिकारी आरके मिश्रा, नोडल अधिकारी सावन खरे तथा सहायक प्रबंधक तनुज गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम जिला पंचायत सिंगरौली द्वारा क्रियान्वित किया गया, जिसमें उपयोग किए गए सीडबॉल्स का निर्माण स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया गया था। इससे ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला।

# गड्ढा खोदने के बाद पाटने को भूल गया ठेकेदार

## पुराने विश्राम गृह के ठीक सामने का मामला



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 अक्टूबर। पुराना यातायात चौराहा एवं पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के ठीक सामने गैस पाइप के ठेकेदार ने एक पखवाड़े पूर्व गड्ढा खोदा है, लेकिन उसे पाटने के लिए ठेकेदार भूल गया। जहां गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। यातायात प्रभारी निरीक्षक ने आज दिन गुरूवार को मुआयना भी किया है।**

दरअसल बैढ़न शहर के साथ मोहल्लों में इन दिनों घरेलू गैस पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार गड्ढा खोदने के बाद उसे पाटने के लिए भूल जा रहा है। यह समस्या एक जगह की नही है, बल्कि पूरे शहर एवं मोहल्लों की है। जहां महीने भर पूर्व से गड्ढा खोदने के बाद ठेकेदार उसे मरम्मत कराने के लिए कोई दिलचस्पी नही ले रहा है। आलम यह है कि बैढ़न के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के ठीक सामने यातायात चौराहा पर ठेकेदार ने करीब 15 दिन पूर्व पाइप लाईन के लिए गड्ढा खोदा है और आज तक गड्ढों को पाटा नही गया है। जिससे सड़क हादसे की संभावना बनी रहती है। यातायात प्रभारी दीपेन्द्र सिंह कुशवाह निरीक्षक ने स्टाफ के साथ स्थल का निरीक्षण किया और ठेकेदार के यहां संदेशा दिया है कि जल्द से जल्द सड़क के किनारे खोदे गये गड्ढों को ठीक कराए। उन्होंने माना कि ऐसे में सड़क हादसो से इंकार नही किया जा सकता। फिलहाल इस तरह के गड्ढे शहर के मुख्य मार्गो के अलावा बस्तियों में भी है। जिसका मरम्मत ठेकेदार नही करा रहा है। यहां के प्रबुद्धजनों ने इस ओर निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### तमिलनाडु सरकार ने कंपनी का प्लांट किया सील

**भोपाल.** गिरफ्तारी के बाद तमिलनाडु सरकार ने श्रीसन फार्मा कंपनी के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को सील कर दिया है. राज्य के औषधि नियंत्रण विभाग ने कंपनी को दूसरा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है.निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि फैक्ट्री में दवाएं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रखी गई थीं और गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था. गौरतलब है कि इस कंपनी द्वारा निर्मित मिलावटी कफ सिरप के सेवन से मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कई मासूम बच्चों की मौत हुई थी.

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रावेन्द्र कुमार तिवारी पिता श्री मकसूदन प्रसाद तिवारी ग्राम-पण्डापुर्वा पो.अमिलकोनी जिला रीवा (म.प्र.) भारत सरकार थल सेना में सैनिक हूं. मेरी सेवा पुस्तिका में हमारे पारिवारिक विवरणी में जन्मतिथि और नाम में भूलवस गलत इन्ट्री हो गया था. जिसे सही नाम और जन्मतिथि निम्नवत है, जो कि सेवा पुस्तिका में संशोधित होकर अंकित होना चाहिए.

| क्र. नाम | संबंध | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| 1. मकसूदन प्रसाद तिवारी | पिता | 01.01.1948 |
| 2. कलावती तिवारी | माता | 01.01.1950 |
| 3. रस्मी तिवारी | पुत्री | ...... |

उक्त के संदर्भ में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करें.

**न्यायालय : आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम श्रम न्यायालय सतना म.प्र.**

प्र0क्र0 23/25 डब्लू सी एक्ट फै0

श्रीमती हेमलता **बनाम** मण्डल रेल प्रबंधक

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जितेन्द्र नाथ शुक्ला की अनावेदक संस्थान में काम करते हुये दुर्घटना में मृत्यु हो गई है और अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति धन रू. 907875/- मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है।

उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 28.10.25 को नियत की गई है।

अतः जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम के धारा-2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हो तो वह आप सुनवाई दिनांक 28.10.25 को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थनपत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें।

यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवें। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगरपालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह में ले आयें।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 02.09.25 को जारी किया गया।

**अभिषेक कुमार त्रिपाठी**
**आयुक्त, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0 श्रम न्यायालय, सतना म0प्र0**

In The Court of Additional District And Session Judge, Civil Court Rampur Baghelan, Distt.Satna

Presiding Officer : **विवेक कुमार पाठक**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCA/0000035/2017)

**विकास पाठक** ..........वादी

Vs

**भगवानदीन पाठक** ..... प्रतिवादी

Process Id-36 /2025 **पेशी दिनांक :-17.10.2025**

प्रेषिति-

1. वन्दना पाण्डे पुत्री स्व.मिथिला प्रसाद पाठक पता-निवासी गराम सरवहना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.

यह कि प्रार्थी **विकास पाठक** ने आपके विरूद्ध **नियमित सिविल अपील** के लिये वाद संस्थित किया है.आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के दिनांक 17.10.2025 के पूर्व वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिय गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 27 सितंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.

न्यायालय की मुद्रा

**(विकास कुमार पाठक)**
**जिला न्यायाधीश**
**रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म.प्र.**

**कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा

# मोरवा पुलिस ने साइबर से बचने बच्चों को किया सतर्क

## मोरवा पुलिस ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए क्षेत्र में साइबर जागरूकता अभियान चलाया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 अक्टूबर। एसपी मनीष खत्री के निर्देश एवं एसडीओपी गौरव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मोरवा टीआई उमेश प्रताप सिंह ने हाई स्कूल पंजरेह में साइबर जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय बच्चों को साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग कॉल, फेक वेबसाइट, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर ठगी इत्यादि के प्रति सतर्क रहने के लिए विस्तृत जानकारी दी।**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को यह बताया गया



कि किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश के माध्यम से अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग जानकारी साझा न करे और यदि कोई साइबर अपराध घटित हो तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल अथवा नंबर 1930 पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किये जा रहे हैं, जिससे नागरिकों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाई जा सके। खासकर स्कूलों में बच्चों के बीच इसीलिए जानकारी दी जाती है कि वह जाकर अपने माता-पिता, पड़ोसी व रिश्तेदारों को इस संबंध में जानकारी दे। इस दौरान कार्यक्रम में करीब दो सैकड़ा बालक-बालिकाएं एवं अध्यापक शामिल थे। उक्त कार्यक्रम में उनि एचपी तिवारी, सउनि प्रवीण मरावी, आर आकाश पटेल, अजय सिंह, ऋषि सिंह मौजूद रहे।

# हाई स्कूल गोड़बहरा में ट्॑यलेट समेत मूलभूत सुविधाओं का टोटा

## फर्श क्षतिग्रस्त, बाउंड्रीवॉल विहीन है विद्यालय परिसर, शाम के वक्त विद्यालय परिसर में आवारा तत्वों का लगने लगता है जमघट

नवभारत न्यूज

**सरई 9 अक्टूबर। देवसर ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल गोड़बहरा में मूलभूत सुविधाएं शौचालय, बिजली पंखे एवं पर्याप्त भवन का टोटा है। जबकि इसकी जानकारी भाजपा नेताओं को भी भलीभांति है।**

मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विशेष दिलचस्पी नही ले रहे हैं, लिहाजा यहां के छात्रों एवं शिक्षको को तरह-तरह की परेशानियां उठानी पड़ रही है।






संकुल केंद्र सरई के हाई स्कूल गोड़बहरा में शौचालय जैसी सुविधा नदारत है। जहां शौचालयों की हालत टूटाफूटा है। जर्जर शौचायलयों में फर्श-टाइल्स सब टूटा हुआ है। पानी की भी कोई सुविधा शौचालय में नहीं है। जिनकी हालत जीर्ण शीर्ण है। साथ ही स्कूल के सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करता है। जबकि मौजूदा वक्त में प्राथमिक शालाओं में बाउंड्री वॉल देखने को मिल रहे हैं। लेकिन हाई स्कूल गोड़बहरा की बदनसीबी किससे बयां किया जाये। एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर सभी को पौधे लगाने व उसकी सुरक्षा करने की संदेश देती है। वहीं शासकीय हाई स्कूल में बाउंड्री वाल न होने से एक भी पौधे रोपित करने के बाद नहीं बच पाते हैं। वहीं शासकीय हाई स्कूल गोड़बहरा में जो भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। जिनके वजह से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

### कक्षाओं में नही हैं पंखे

एक ओर शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों के मान्यता देते समय विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की निगरानी करती है और जब सभी सुविधाएं अनुकूल पाती है तब मान्यता देती है और यहां शासकीय हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को पंखा का हवा नसीब नहीं हो रहा है। अब इन विद्यालयों की सुविधाओं का जायजा कौन ले। वैसे तो सभी छोटे बड़े विद्यालयों में बिजली पंखा की सुविधा सुलभ होनी चाहिए। परंतु गोड़बहरा विद्यालय के कक्षाओं में एक भी पंखे नहीं लगे हैं। विद्यालय का फर्श भी जगह-जगह टूटे हुये हैं। फिर भी विद्यालय प्रबंधन एवं अधिकारियों का ध्यान नही जा रहा है।